प्राक्कथन

राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी (एनएएस) के इस संस्करण में, नई श्रृंखला के अनुसार 2004-05 से 2009-10 के लिए राष्ट्रीय/घरेलू उत्पाद के अनुमान, देश के समेकित लेखे, निजी अंतिम उपभोग व्यय, बचत, पूंजी निर्माण और सार्वजनिक क्षेत्र के लेन-देन प्रस्तुत किए गए हैं । इन अनुमानों के अलावा, इस प्रकाशन में 7 फरवरी, 2011 को जारी वर्ष 2010-11 के अग्रिम अनुमान भी अलग से शामिल किए गए हैं ।

2. राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी के संकलन के लिए अपेक्षित आंकड़े उपलब्ध कराने में केन्द्रीय मंत्रालयों और विभागों, विभागीय तथा गैर-विभागीय वाणिज्यिक उद्यमों, भारतीय रिजर्व बैंक और सभी राज्यों/संघ राज्यक्षेत्र सरकारों के अर्थ तथा सांख्यिकी निदेशालयों के सहयोग के प्रति हम अपना आभार व्यक्त करते हैं । इस प्रकाशन में शामिल सूचना एवं आंकड़ों के कवरेज और/अथवा प्रस्तुतीकरण में सुधार के लिए उपयोगकर्ताओं के सुझावों का स्वागत है ।

3. मैं राष्ट्रीय लेखा प्रभाग (एनएडी), सीएसओ के सभी अधिकारियों और स्टाफ सदस्यों के प्रयासों की अत्यधिक सराहना करता हूं कि उन्होंने अपर महानिदेशक, श्री आशीष कुमार के मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण में समय पर इस पत्रिका का प्रकाशन कराया । इस प्रकाशन के लिए सामग्री जुटाने और इसके सम्पादन में उपमहानिदेशक डॉ. शैलजा शर्मा, उपनिदेशक श्री एस.के.गुप्ता और सहायक निदेशक श्री एस.के.मित्तल, एनएडी, सीएसओ के योगदान का यहां विशेष उल्लेख करना समीचीन होगा ।

एस.के.दास
महानिदेशक
केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय

नई दिल्ली
मई 2011